**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1165**
**मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**एक जिला एक उत्पाद की बिक्री के लिए यूनिटी मॉल की स्थापना**

**1165. श्री वाई.एस.अविनाश रेड्डीः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सभी राज्यों को अपने स्वयं के ओडीओपी (एक जिला, एक उत्पाद), भौगोलिक संकेतक उत्पादों (जी.आई.) और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों के प्रचार और बिक्री के लिए आंध्र प्रदेश सहित अन्य सभी राज्यों के ऐसे उत्पादों के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए अपनी राज्य की राजधानी या सबसे प्रमुख पर्यटन केंद्र या वित्तीय राजधानी में यूनिटी मॉल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा; और

(ख) पहले की योजनाओं के शुभारंभ के बाद से इस संबंध में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा तथा वर्ष-बार अब तक स्वीकृत/खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) :** सभी राज्यों को केंद्रीय बजट 2023-24 में घोषित पीएम एकता मॉल को राज्य की राजधानी या विख्यात पर्यटन केंद्रों या वित्तीय राजधानी में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि देश भर के ओडीओपी उत्पादों (एक जिला, एक उत्पाद), भौगोलिक संकेतक (जीआई) उत्पादों और अन्य हस्तशिल्पों को प्रोत्साहन दिया जा सके और इसकी बिक्री की जा सके। इसमें आंध्र प्रदेश राज्य सहित प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के लिए अपने ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए स्थान भी सुनिश्चित किया गया है।

**(ख) :** पूर्व में तुलना करने योग्य ऐसी कोई प्रतिस्पर्धी स्कीम नहीं थी। तथापि, वित्त वर्ष 2023-24 में, 'पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता स्कीम 2023-24 (एसएएससीआई) भाग-VI (यूनिटी मॉल)' के तहत सभी राज्यों में पीएम एकता मॉल के निर्माण के लिए 5000 करोड़ रुपए आबंटित किए गए। इस स्कीम के अंतर्गत, व्यय विभाग ने 27 राज्यों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अनुमोदित किया और इन राज्यों को निधि जारी करने संबंधी पत्र जारी किए गए। स्वीकृत/जारी की गई निधि का विवरण **अनुबंध-1** में दिया गया है।

**दिनांक 03.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1165 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्रम सं. | राज्य | स्वीकृत एकता माल की संख्या | डीओई द्वारा स्वीकृत राशि, वित्त वर्ष 2023-24 (करोड़ रुपए में) | प्रथम किस्त की राशि, (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1 | 172 | 86 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 188 | 94 |
| 3 | असम | 1 | 226 | 113 |
| 4 | बिहार | 1 | 212.689 | 106.3445 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1 | 200.77 | 100.385 |
| 6 | गोवा | 1 | 100 | 50 |
| 7 | गुजरात | 1 | 202 | 101 |
| 8 | हरियाणा | 1 | 155 | 77.5 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1 | 132 | 66 |
| 10 | झारखंड | 1 | 162.92 | 81.46 |
| 11 | कर्नाटक | 1 | 192.99106 | 96.49553 |
| 12 | केरल | 1 | 120 | 60 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1 | 284 | 142 |
| 14 | महाराष्ट्र | 1 | 195.136 | 97.568 |
| 15 | मणिपुर | 1 | 149 | 74.5 |
| 16 | मेघालय | 1 | 132 | 66 |
| 17 | मिजोरम | 1 | 127 | 63.5 |
| 18 | नागालैंड | 1 | 145 | 72.5 |
| 19 | ओडिशा | 1 | 187.12 | 93.56 |
| 20 | पंजाब | 1 | 159 | 79.5 |
| 21 | राजस्थान | 1 | 202 | 101 |
| 22 | सिक्किम | 1 | 106 | 53 |
| 23 | तमिलनाडु | 1 | 223 | 111.5 |
| 24 | तेलंगाना | 1 | 202 | 101 |
| 25 | त्रिपुरा | 1 | 114 | 57 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 3 | 370.247 | 185.123 |
| 27 | उत्तराखंड | 1 | 136 | 68 |
| | **कुल** | **29** | **4795.87306** | **2397.93603** |

*****